## एक नजर

### भाकियू जिलाध्यक्ष ने की अवैध खनन रोकने की मांग

**पुवायां।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवैध खनन रोकने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि खुटार के कई गांव में अवैध खनन का कारोबार चल रहा है। ठेकेदार एक एकड़ खेत की मिट्टी खनन की परमिशन लेकर चार एकड़ में अवैध रूप से जेसीबी के द्वारा मिट्टी खनन कर रहा है। 10 फिट से ज्यादा की मिट्टी का अवैध खनन करके नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मिट्टी खनन के कारण उड़ने वाली धूल से खेतों की फसलें खराब हो रही हैं। मिट्टी की ढुलाई करने वाले ओवरलोड ट्रकों के कारण सड़क पर काफी गहरे गहरे गड्ढे बन गए हैं। उन्होंने मामले की जांच कराकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। जिला भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा है कि अगर उक्त प्रकरण में शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं हुई तो किसान यूनियन इसके लिए आंदोलन करने को मजबूर होगी

### निकाय कैसे बनें आत्मनिर्भर सचिव ने दिए टिप्स

**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को नगर निकायों के अधिकारियों की एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें नगर पालिका वित्तीय संसाधन बोर्ड लखनऊ के सचिव पप्पू गुप्ता ने सभी नगर आयुक्त, नगर पालिका ईओ, नगर पंचायत ईओ को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कैसे नगर निकाय आत्मनिर्भर बने, कैसे निकायों का राजस्व बढ़े। टैक्स वसूली कैसे ससमय की जा सके। इसके लिए भी उन्होंने अधिकारियों से चर्चा परिचर्चा की। इस दौरान एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय , नगर आयुक्त कामता प्रसाद, समस्त पालिका,पंचायतों के ईओ आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों के डिजिटलाइजेशन में 75वें स्थान पर जिला

## शर्मनाकः वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई समीक्षा में महानिदेशक ने जताई आपत्ति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए आदेश पालन कराने के निर्देश
- बीएसए बोलेः सरकारी काम में बाधा डालने पर काटा जाएगा वेतन-मानदेय

**अमृत विचारः** जिले के परिषदीय और बा स्कूलों के शिक्षकों और संगठनों की मनमानी के चलते स्कूलों के डिजिटलाइजेशन मामले में जिले को झटका लगा है। इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन संबंधी 26 फरवरी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा में पता चला कि प्रदेश में जिला 75वें स्थान पर है। इस पर महानिदेशक ने कड़ी आपत्ति के साथ रोष भी व्यक्त किया है। प्रदेश के वरिष्ठतम मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री संजय सिंह के जनपद में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की दुर्दशा पर बीएसए ने भी कड़ी नाराजगी जताई है। उच्चाधिकारियों की नाराजगी के बाद बीएसए ने कड़ा रुख अख्तियार किया है।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा कंचन वर्मा ने परिषदीय स्कूलों के साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में टैबलेट्स के माध्यम से वर्तमान में प्रयोग की जा रही भौतिक पंजिकाओं के अनुरूप सभी 12 प्रकार की पंजिकाओं का डिजिटल प्रारूप तैयार करने के निर्देश दिए थे। योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए बीते माह में शिक्षक-शिक्षिकाओं को टैबलेट भी बांट दिए गए, लेकिन शिक्षकों के विरोध के चलते इस दिशा में कोई काम आगे नहीं बढ़ाया गया। इस योजना का उद्देश्य परिषदीय स्कूलों की दशा सुधारने का संकल्प माना जा रहा है। यह निर्णय शिक्षकों को रास नहीं आ रहा है, इसलिए उन्होंने टैबलेट को अभी तक संचालित ही नहीं किया है।

इस संबंध में हुई समीक्षा बैठक के बाद राज्य परियोजना कार्यालय ने जारी पत्र से विभाग को अवगत कराया है कि शाहजहांपुर 75वें स्थान पर है, जिस पर महानिदेशक कंचन वर्मा द्वारा अत्यधिक रोष व्यक्त किया गया। बीएसए रणवीर को निर्देश दिए गए हैं कि जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्र उपस्थिति पंजिका एवं मध्याह्न भोजन पंजिका का डिजिटल रूप ही मान्य किया जाए। पत्र प्राप्ति और महानिदेशक के आदेश के बाद बीएसए रणवीर सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने क्षेत्र के टैबलेट पाने वाले समस्त स्कूलों में डिजिटल पंजिकाओं का दैनिक रूप से शत-प्रतिशत उपयोग कराना सुनिश्चित करें। ऐसा नहीं करने वाले किसी भी शिक्षक/शिक्षामित्र का वेतन/मानदेय आहरित न किया जाए।

### सिम उपलब्ध कराकर प्रशिक्षण दिलाए सरकार



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री संजय सिंह का कहना है कि करीब तीन महीने पहले डायरेक्टर महेंद्र देव से वार्ता हुई थी, जिसमें समस्याओं को लेकर एक कमेटी भी गठित की गई, लेकिन अभी तक कमेटी द्वारा कोई बैठक तक नहीं बुलाई गई और न ही शिक्षकों की समस्याओं और कठिनाइयों को दूर किया गया। संगठन का कहना है कि शिक्षक अपने सिम, मोबाइल, खर्चे पर डिजिटलाइजेशन का काम नहीं करेगा। जो व्यवहारिक कठिनाइयां सामने आ रही हैं, पहले उन्हें दूर किया जाए। टैबलेट दिए गए, लेकिन सिम, डाटा नहीं दिया गया। यहां तक कि शिक्षकों को प्रशिक्षण भी नहीं दिलाया गया। सात जिलों में पायलट प्रोजेक्ट लागू किया गया था, जो फेल हो गया। शिक्षक हमेशा से ही शासन और विभाग के निर्देशों का पालन करते आए हैं, लेकिन जो कठिनाइयां हैं, पहले उन्हें दूर किया जाए।

### पहले साधन मुहैया कराएं



जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मगरे लाल का कहना है कि प्रदेश नेतृत्व ने निर्देश दिया है कि पांच मार्च तक काली पट्टी बांधकर डिजिटलाइजेशन का विरोध किया जाएगा, इसके बाद 11 मार्च को बीएसए के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजा जाएगा। शिक्षक ने सरकार के निर्देशों का हमेशा पालन किया है। शासन को चाहिए कि पहले साधन मुहैया कराए जाएं। शिक्षक अपने रुपये और मोबाइल से योजना संचालित नहीं करेगा। इस कार्य में भी मना कोई नहीं कर रहा है, लेकिन सबसे पहले साधन उपलब्ध कराए जाएं। जिले में जूनियर स्कूलों में लगभग दो हजार और प्राइमरी में 10 हजार शिक्षक हैं। जूनियर स्कूलों को अभी टैबलेट बांटे भी नहीं गए हैं, ऐसे में व्यक्तिगत रूप से उन पर दबाव न बनाया जाए।



स्कूलों के अभिलेखों का डिजिटलीकरण होना अच्छी बात है। बैंक आदि विभागों में ऐसा हो भी चुका है। शिक्षक दूसरों के बरगलाने में न आएं और सरकारी काम में बाधा डालने के बजाय, सरकार की मंशा के अनुरूप ही कार्य करें। यह शिक्षकों की जिम्मेदारी भी है। अन्यथा एक-दो दिन में बड़ा निर्णय लेने को बाध्य होना पड़ेगा। शिक्षकों को चाहिए कि वह तत्काल सभी 12 पंजिकाएं टैबलेट पर फीड कर छात्र उपस्थिति और एमडीएम वितरण का अपडेट सरकार की मंशानुरूप करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। **– रणवीर सिंह**, बीएसए

## तीन शिक्षकों को नोटिस बीएसए ने स्पष्टीकरण मांगा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्कूलों में डिजिटलीकरण प्रक्रिया में शिक्षकों को बरगलाने का आरोप

**अमृत विचारः** बीएसए रणवीर सिंह ने डिजिटलीकरण का विरोध कर शिक्षकों को बरगलाने के आरोप में तीन शिक्षकों को नोटिस जारी किया है। एक शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है, जबकि दो शिक्षक नेताओं से सहयोग करने की बात करते हुए चेतावनी भी दी गई है।

बीएसए ने इस संबंध में विकास खंड कांट के प्राथमिक विद्यालय चमारमदा के सहायक अध्यापक प्रदीप जायसवाल को नोटिस जारी कर कहा है कि महानिदेशक के निर्देशानुसार वर्तमान में प्रयुक्त की जा रही भौतिक पंजिकाओं के अनुरूप ही पंजिकाओं का डिजिटल प्रारूप तैयार किया जाना है। संज्ञान में आया है कि आपके द्वारा शिक्षकों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के निर्देशों की अवहेलना किये जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जो कि अनुशासनहीनता, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना एवं बेसिक शिक्षा परिषद नियमावली के विरुद्ध है। बीएसए ने कहा है कि तत्काल अपना स्पष्टीकरण यथोचित कारणों सहित दो मार्च तक प्रत्येक दशा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐंठा हुसैनपुर के प्रधान अध्यापक और जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मगरे लाल और उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरसंडा के प्रधान अध्यापक और जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के महामंत्री विश्राम सिंह को नोटिस जारी किया गया है। बीएसए ने यह भी कहा कि उन्होंने एक से पांच मार्च तक काली पट्टी बांधकर कार्य करने और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने का जो निर्णय लिया है, वह अनुशासनहीनता और उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना है।

### टैबलेट पर डिजिटल छात्र उपस्थिति और एमडीएम संचालन की है योजना

योजना के मुताबिक प्रथम चरण में छात्र उपस्थिति और एमडीएम वितरण का डिजिटलाइजेशन होना है। टैबलेट से छात्रों की उपस्थिति फेस स्केनिंग के जरिए की जाएगी। एमडीएम के तहत प्रतिदिन कितने बच्चों ने भोजन किया और कितने बच्चे वंचित रहे आदि जानकारी प्रतिदिन अपडेट की जानी है। साथ ही स्कूल में प्रयोग होने वाली 12 पंजिकाओं की फीडिंग होनी है।

## जितिन प्रसाद चुनाव प्रबंधन समिति के सह-संयोजक नियुक्त

**शाहजहांपुर।** पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की ओर से गठित चुनाव प्रबंधन समिति का सह-संयोजक नियुक्त किया है। इस पर प्रसाद भवन स्थित कैंप कार्यालय पर पार्टी नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई।



पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद

इस अवसर पर सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए कहा कि जितिन प्रसाद को राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से दी गई जिम्मेदारी पर वह सौ प्रतिशत खरा उतरेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं के परिश्रम से पार्टी प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त कर नया इतिहास बनाएगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, भाजपा नेता कौशल मिश्रा, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, अनिल तिवारी, संजीव अग्निहोत्री, मनेन्द्र सिंह चौहान अमित वाजपेयी, अनिल बाजपेयी, आलोक प्रताप सिंह, आनंददेव, मुकेश श्रीवास्तव, प्रशांत कठेरिया, सर्वेश कुमार गंगवार, हरीश पटेल, मनोज आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### फल वितरण के बकाया के लिए दिया ज्ञापन



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय के नेतृत्व में शुक्रवार को बीएसए रणवीर सिंह से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं निस्तारण के लिए ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि यदि एक वर्ष से अधिक समय से फल वितरण के बकाया का भुगतान 20 मार्च तक बिना बिल बाउचर व रसीद के नहीं किया गया तो संघ आंदोलन को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में विद्यालयों में एमडीएम में बांटे गए फलों की धनराशि का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। डीएम ने फल क्रय करने की रसीद और बिल बाउचर चाहे थे, जबकि फल विक्रेताओं के पास बिल बाउचर नहीं होते हैं। अब 20 मार्च तक इस बकाया का भुगतान नहीं हुआ तो संघ आंदोलन को बाध्य होगा। वहीं शिक्षकों के लंबित कई देय एरियर भुगतान भी कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि निरीक्षण में अनुपस्थित मिलने वाले शिक्षकों अथवा कोई अनियमितता मिलने पर बगैर स्पष्टीकरण लिए वेतन अवरुद्ध करना या वेतन काटे जाने की कार्रवाई नहीं किए जाने की मांग भी की गई है। प्रतिनिधिमंडल में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित, महामंत्री सुनील मौर्या, उपाध्यक्ष भुवनेश गुप्ता, नवनीत तिवारी, कौशलेंद्र सिंह शामिल रहे।

### अभाविप चलाएगा मतदाता जागरुकता अभियान



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत के मंत्री अंकित पटेल का शुक्रवार को महानगर आगमन पर स्वागत किया गया। इस दौरान परिषद के वर्तमान में चल रहे एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। मुख्य रूप से मतदाता जागरुकता अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही नवीन शैक्षिक सत्र में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस, सदस्यता अभियान पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रांत कोषाध्यक्ष मचकेंद्र सिंह, प्रांत प्रमुख खेल कार्य रविकांत शुक्ला, जिला प्रमुख डॉ. ब्रजेश मिश्र, श्रुति गुप्ता, पवन गंगवार, रौनक पाल, राजन, वैभव, आयुष, अभिनेंद्र आदि मौजूद रहे।

## भाकियू भानु गुट आज करेगा धरना-प्रदर्शन

**पुवायां, अमृत विचारः** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु गुट दो मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे तहसील परिसर में धरना- प्रदर्शन करेगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि संगठन को यह कदम अधिकारियों द्वारा समस्याओं की अनदेखी करने की वजह से उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि पुवायां के गांव बिजोरा बिजोरिया में भू माफियाओं द्वारा फर्जी क्रेता-विक्रेता बनकर बैनामा करा लिया गया। मुड़िया में कुछ लोगों के खाद के गड्ढों की भूमि पर मकान बने हुए हैं। क्षेत्र में एक लेखपाल के साथ रहने वाला एक प्राइवेट व्यक्ति किसानों को परेशान करता है, लिखित शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा अन्य भी समस्याएं हैं। शिकायतों पर कार्रवाई न होने से समस्याओं को लेकर दो मार्च को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने प्रकोष्ठों के अध्यक्षों से इसे सफल बनाने की अपील की है।

### बिजली कर्मियों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**शाहजहांपुर।** कटरा के विद्युत सब स्टेशन के संविदा कर्मचारियों ने शुक्रवार को अवर अभियंता को ज्ञापन दिया। संविदा कर्मचारियों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व दिए ज्ञापन में आश्वासन दिया था कि दो दिन में दो माह का बकाया वेतन का भुगतान हो जाएगा। लेकिन अभी तक दो माह का बकाया वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो छह मार्च से कार्य बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में पंकज शर्मा, रमेश चंद्र, सौरभ सिंह, महावीर प्रसाद आदि थे।

# केश सुहाग और नख वासना के प्रतीक, सोच समझकर बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** मुमुक्षु महोत्सव में चल रही श्रीराम कथा में छठे दिवस शुक्रवार को कथा व्यास संत विजय कौशल महाराज ने सती अनुसुइया की कथा सुनाते हुए श्रोताओं को धन्य किया। संगीतमय कथा में भजनों पर महिलाओं के साथ बच्चे भी आनंद में भावविभोर होकर थिरकते रहे। श्रीराम कथा का आज समापन होगा।

कथा व्यास ने कहा कि एक बार नारद जी विचरण कर रहे थे, तभी उन्होंने तीनों देवियों मां लक्ष्मी, मां सरस्वती और मां पार्वती को सतीत्व और पवित्रता के विषय में परस्पर विमर्श करते देखा। नारद जी ने उन्हें अत्रि महामुनि की पत्नी अनुसुइया के असाधारण प्रतिव्रत के बारे में बताया और कहा कि उनके समान तीनों लोकों में कोई नहीं है। इस पर तीनों के मन में अनुसुइया के प्रति ईर्ष्या होने लगी और उन्होंने उनका पतिव्रत खंडित करने को पतियों से कहा। देवों के बहुत समझाने पर भी वे मानने को राजी नहीं हुईं। इस विशेष आग्रह पर ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने अनसुइया के सतीत्व और ब्रह्मशक्ति परखने की सोची। जब अत्रि ऋषि आश्रम से कहीं बाहर गए थे तब तीनों देवों ने अतिथियों का भेष धारण किया और उनके आश्रम में पहुंचकर भिक्षा मांगने लगे। संत कौशल जी ने कहा कि अतिथि-सत्कार की परंपरा के चलते सती ने त्रिमूर्तियों का स्वागत कर उन्हें भोजन के लिए निमंत्रित किया, लेकिन त्रिदेवों ने एक स्वर में कहा, हे साध्वी जब तुम निर्वस्त्र होकर भोजन परोसोगी, तभी हम भोजन करेंगे। यह सुनकर अनुसुइया असमंजस में पड़ गईं। उन्होंने मन ही मन ऋषि अत्रि का स्मरण किया। दिव्य शक्ति से उन्होंने त्रिदेवों को पहचान लिया। मुस्कुराते हुए अनुसुइया ने अतिथियों पर जल छिड़क कर उन्हें शिशुओं के रूप में बदल दिया। सुंदर शिशु देख कर माता के हृदय में मातृत्व भाव उमड़ पड़ा। उन्होंने शिशुओं को स्तनपान कराया, दूध-भात खिलाया, गोद में सुलाया। जिसके बाद तीनों गहरी नींद में सो गए। तीनों को झूले में सुलाकर कहा- तीनों लोकों पर शासन करने वाले मेरे शिशु बन गए। मेरे तो भाग्य ही खुल गए।



श्रीराम कथा का अमृतपान कराते कथा व्यास संत विजय कौशल महाराज।

तभी से वह सती अनुसुइया के नाम से प्रख्यात हुई तथा कालांतर में दतात्रेय रूप में भगवान विष्णु का, चंद्रमा के रूप में ब्रह्मा का तथा दुर्वासा के रूप में भगवान शिव का जन्म हुआ। इधर, श्रीराम सीता व लक्ष्मण सहित चित्रकूट से चलकर ऋषि अत्रि और अनसुइया के आश्रम पहुंचते हैं। सीताजी माता अनुसुइया का आशीर्वाद पाती हैं। इसी क्रम में कथाव्यास ने सूर्पणखा और मारीच का प्रसंग सुनाते हुए रावण द्वारा माता सीता का हरण किए जाने का मार्मिक प्रसंग सुनाया। कथा व्यास ने कहा कि महिलाओं के नख वासना और केश सुहाग के प्रतीक होते हैं, इसलिए नाखून काटना चाहिए और केशों की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन आजकल इसका उल्टा हो रहा है। महिलाएं नाखून बढ़ाती हैं और केश कटवा लेती हैं। कथा का समापन आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



मुमुक्षु महोत्सव में रामकथा का आनंद लेते बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### इन्होंने किया पूजन और आरती

कथा शुरू होने से पहले व्यास पीठ का पूजन डॉ. राम निवास गुप्ता एवं मिथिलेश गुप्ता ने किया। आरती डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, मोहम्मदी के विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, व्यापारी नेता वेद प्रकाश गुप्ता, अजय अग्रवाल, संतोष उपाध्याय, दीपांजलि उपाध्याय, ओम सिंह आदि ने की।

### ये विशिष्टजन रहे मौजूद

कथा में स्वामी पूर्णानंद सरस्वती, स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती, स्वामी हरिदास, स्वामी चिन्मयानंद, गोपाल त्रिपाठी, त्रिलोकी नाथ पांडेय, पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह, वीरभान सिंह, राजपाल सिंह आदि विशिष्टजन मौजूद रहे। प्रसाद वितरण मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के सहयोग से हुआ।

## मेरी नैया में लक्ष्मण राम, गंगा मैया धीरे चलो...




मुमुक्षु आश्रम में भजन प्रस्तुत करतीं आर्य महिला कॉलेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर।** मुमुक्षु महोत्सव में भजन संध्या का सिलसिला गुरुवार शाम को भी जारी रहा। देर रात तक श्रोता भक्ति रस का आनंद ले तालियां बजाकर झूमते रहे। इस अवसर पर आर्य महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने संगीत शिक्षिका डॉ. नम्रता लता और डॉ. रितु शर्मा के नेतृत्व में भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। एसएस कॉलेज की संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. कविता भटनागर ने राम स्तुति प्रस्तुत की। बरखा सक्सेना ने मेरे चौखट पर श्रीराम आए हैं, एसएसएमवी की शिक्षिका अंजली मिश्रा ने कौशल रंजन राजा राम जानकी बल्लभ सीताराम, डॉ. प्रतिभा सक्सेना ने विनती करत कर जोड़ी हमारी, सुनयना प्रजापति ने जग में साचों तेरा नाम, ज्योत्सना शिवा, सुनयना, शिखा आदि ने सामूहिक भजन रामा रामा रटते रटते बीती रे उमरिया तथा न ये तेरा न ये मेरा सबकुछ है भगवान का आदि भजन प्रस्तुत किए। भात खंडे संगीत संस्थान लखनऊ के शशांक और आयुष बाजपेयी ने बनोगे राधा तो यह जानोगे कि कैसा प्यार भजन सुनाया। इसी क्रम में सतप्रिया ने मेरी नैया में लक्ष्मण राम, गंगा मैया धीरे चलो भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इससे पहले मुख्य अतिथि डीपी सिंह ने भजन संख्या की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. सचिन खन्ना ने आभार व्यक्त किया।

**अनदेखी** ठेकेदारों ने मीटिंग हॉल में रख दी सरिया, सीमेंट समेत निर्माण सामग्री

# स्टोर रूम बना सचिवालय...कहां जाएं दिक्कत बताने

संवाददाता, खुटार

- खुटार का मामला, सचिव और प्रधान कक्ष में भी गंदगी शौचालय की हालत खराब
- गांव के कार्य करने को खरीदे गए कंप्यूटर, प्रिंटर, इंवर्टर बैटरा और सीसीटीवी गायब

**अमृत विचारः** ब्लॉक मुख्यालय से महज तीन किमी की दूरी पर पूरनपुर रोड पर स्थित ग्राम पंचायत कुंइया के मजरा नवदिया छुटई पांडेय में गांव के किनारे लाखों रुपये की लागत से ग्राम सचिवालय का निर्माण कराया गया था। जिसमे मीटिंग हॉल, प्रधान सचिव कक्ष, कंप्यूटर कक्ष और महिला पुरुष शौचालय बनाए गए हैं। सचिवालय में ग्राम पंचायत स्तर पर ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का शासनादेश है।

इसके लिए पंचायत सहायक की नियुक्ति भी की गई है, जो यहां बने कंप्यूटर कक्ष में ग्राम पंचायत के विकास और उसकी कार्य योजनाओं से संबंधित कार्य करेगा। इसके लिए कंप्यूटर, प्रिंटर, इंवर्टर बैटरा और सचिवालय में लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे आदि भी लिए गए है लेकिन कुंइया ग्राम पंचायत के सचिवालय से यह सभी सामान गायब हैं। महिला पुरुष शौचालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। शौचालय को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां महीनों से सफाई नहीं हुई है। सचिवालय की टंकी का टैंक भी टूटा पड़ा है। मीटिंग हॉल से लेकर ग्राम प्रधान और सचिव के कक्ष के पड़ोस में पानी की टंकी बनाने वाले जल निगम के ठेकेदार का सामान सरिया, सीमेंट, पाइप और अन्य निर्माण सामग्री भरी पड़ी है। सचिवालय को बाहर से देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि भवन ग्रामीणों की सहूलियत के लिए नहीं ठेकेदार के लिए बनाया गया है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने इसे अपना स्टोर रूम बना दिया है। लेकिन इसके बाद भी किसी ने सचिवालय को खाली कराने की जरूरत नहीं समझी।



ग्राम सचिवालय में भरा ठेकेदारों का समान, फैली गंदगी। ● अमृत विचार



बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय।

मामले की जानकारी नही है। दिखवाया जाएगा। अगर ग्राम सचिवालय में गंदगी और ठेकेदारों का कब्जा है, तो जांच कराई जाएगी। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **–पवन कुमार**, डीडीओ, शाहजहांपुर

### भाईचारे का संदेश ले साइकिल से निकले राजा



**शाहजहांपुर।** मैनपुरी के कस्बा घिरोर निवासी राजा सिंह( 55 ) देश में सुख, शांति और भाईचारा का संदेश लेकर साइकिल से निकल पड़े हैं। शुक्रवार को वह महानगर पहुंचे। इससे पहले वह वर्ष 2010, 2019 और 2022 में भी साइकिल यात्रा कर चुके हैं। इस बार उन्होंने 15 फरवरी से मैनपुरी स्थित शीतला माता के दर्शन कर यात्रा शुरू की है। वह फर्रुखाबाद होते हुए शाहजहांपुर पहुंचे हैं। यहां हथौड़ा चौराहा स्थित लंगोटी बाबा के मंदिर में रात्रि विश्राम कर सुबह नैमिषारण्य को कूच करेंगे। बताया कि साइकिल यात्रा का मकसद देश में आपसी भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। उनका लक्ष्य 10 हजार किलोमीटर यात्रा पूरी करना है।

# गन्ना शोध संस्थान से पीएचडी कर सकेंगे विद्यार्थी




गन्ना शोध एवं इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के बीच संयुक्त शोध प्रस्ताव के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार


कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के साथ हुआ संयुक्त शोध प्रस्ताव

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर एवं इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ के बीच 29 फरवरी को एक संयुक्त शोध प्रस्ताव हस्ताक्षरित किया गया। इससे यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को गन्ने से संबंधित नवीन तकनीकी का ज्ञान एवं अपने शोध कार्य को और भी अधिक गहनता से करने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर गन्ना शोध परिषद के निदेशक डॉ. सुधीर शुक्ल ने कहा कि यह समझौता प्रस्ताव दोनों संस्थान के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। जिसके तहत इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ के विद्यार्थी इंटर्नशिप एवं उच्च शिक्षा के लिए संस्थान के कोलैबरेशन से पीएचडी कर सकेंगे। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के फाउंडर एवं चांसलर प्रो. एस डब्ल्यू अख्तर ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है, जिसके द्वारा गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के कोलैबरेशन में विद्यार्थियों को गन्ने से संबंधित नवीन तकनीकी का ज्ञान एवं अपने शोध कार्य को और भी अधिक गहनता से करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने गन्ना शोध परिषद से इंटर्नशिप किया है, उनको उच्च शिक्षा के लिए इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में वरीयता दी जाएगी।

समझौता कार्यक्रम में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. जावेद मुशर्रफ, एचओडी डॉ. सब्बा सिद्दीकी, रजिस्ट्रार प्रो. हरीश सिद्दीकी, गन्ना शोध परिषद के एओ उमेश चंद्र एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. अजय कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहें।




## एक नजर

### बहू को पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** पांच लाख रुपये न देने पर ससुराल वालों ने बहू को मारा पीटा और घर से निकाल दिया। ससुराल वालों ने उसका जेवर बेच दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौक कोतवाली के मोहल्ला खलील शर्की निवासी फरहा नाज ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 में नोमान हसन निवासी खलील शर्की चौक कोतवाली के साथ हुई थी। उसके पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन ससुराली संतुष्ट नहीं थे। उसने दो पुत्रों को जन्म दिया। ससुराल वालों ने कहा कि मायके से पांच लाख रुपये मंगाकर दो। उसके मना करने पर ससुराली नाराज हो गए और मारपीट करने लगे। मायके वाले उसे अपने साथ ले गए। तब से वह वहीं है। एक फरवरी 24 को वह दोनों बच्चों को लेकर ससुराल गई। उसने अलमारी खोली तो सारा जेवर व बर्तन गायब था। उसके पूछने पर ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि नोमान हारुन, जहीर अख्तर, राहत अली के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### शांति भंग में किया चालान

**पुवायां।** क्षेत्र के गांव कहिमारा निवासी गुड्डू ने छोटेलाल से प्लाट खरीदा था, जो पैमाइश में कम निकला, इस पर जब उसने शिकायत की, तब छोटे लाल के बेटे पंचू लाल ने गुड्डू के साथ मारपीट की और पैसे वापस करने से मना कर दिया। गुड्डू ने धोखाधड़ी की शिकायत थाना में की, तब पुलिस ने आरोपी पंचूलाल का शांति भंग में चालान कर दिया।

## आग से चार छप्परदार घर राख


आग लगने के बाद जलकर राख हुआ छप्पर दार मकान। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बंडा**

**अमृत विचार:** कूड़े की चिंगारी से छप्पर दार मकान में आग लग गई, जिससे घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

गांव आबा बुजुर्ग निवासी दामोदर लाल ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर बाद उसके छप्परदार घर में अचानक आग लग गई, जिससे घर में रखे गेहूं, चावल, रजाई, गद्दा, चारपाई समेत घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भीषण थी कि पड़ोसी रामदास के घर पहुंच गई, जिससे रामदास का भी घरेलू सामान जल गया। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन तब तक मदनलाल व बच्चन लाल के घर भी आग की चपेट में आ गए।

फायर ब्रिगेड टीम पहुंचने तक आग ने चार लोगों के घर जलाकर राख कर दिए। पीड़ितों ने बताया कि आग से हजारों का नुकसान हो गया।

### आरोपी से लैपटाप, पास बुक, आधार कार्ड व मोहरें बरामद

# पुलिस ने पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी को रिमांड पर लिया

**वृद्धावस्था पेंशन घोटाला**

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग में वृद्धावस्था पेंशन में हुए गबन में पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार को सदर बाजार पुलिस ने रिमांड पर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक लैपटॉप, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 16 पास बुक, पास बुक की फोटो कॉपी, आधार कार्ड, चार मोहरे बरामद की है। विवेचना के दौरान पूर्व समाज कल्याण अधिकारी पर 120-बी आदि की धारा बढ़ाई गई।

अपराध शाखा के निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला समाज कल्याण वंदना सिंह ने 19 सितंबर 23 को थाना सदर बाजार में पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार समेत नौ लोगों के खिलाफ वृद्धावस्था पेंशन गबन आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी रामऔतार, अनूप उर्फ सोनू, जयपाल को गिरफ्तार कर चालान कर चुकी है। जबकि मुख्य आरोपी पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार फरार चल रहा था।

पांच दिन पूर्व कोर्ट में हाजिर हो गया था। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया था। इस मामले की विवेचना अपराध शाखा के निरीक्षक वीरेंद्र सिंह कर रहे थे। अपराध शाखा के निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी को रिमांड पर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। विवेचना के दौरान पाया गया कि अभियुक्तों ने षड्यंत्र करके अभिलेखों में हेराफेरी करते हुए पात्र व्यक्तियों के बैंक खाता नंबर के स्थान पर अपात्र व्यक्तियों के खाता नंबर सूची में डालकर गबन को अंजाम देना पाया गया। जिसके आधार पर पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार 120 बी, 409, 472 धारा की वृद्धि की गई है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक लैपटॉप, इंडिया पोस्ट ऑफ पेमेंट बैंक की 16 पास बुक, बैंक खाता पास की 84 फोटो कापी, खाताधारकों की चार सूची, चार कूटरचित मोहरे बरामद की है। पुलिस रिमांड पर लिए गए पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी को जेल में पेश किया। टीम में उप निरीक्षक देशराज थाना सदर बाजार, सिपाही रोहित कुमार, शिवदत्त थे।


गबन का आरोपी राजेश कुमार।

### तीन मकान, तीन वाहन समेत खरीदी थी जमीन

अपराध शाखा के निरीक्षक एवं विवेचना अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार से पूछताछ की गई। आरोपी सीतापुर जिले के थाना अटरिया के गांव अकबरपुर का रहना है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि पेंशन के योजना में से गबन की गई धनराशि से अपने गांव अकबरपुर में हाइवे के किनारे करीब तीन बीघा जमीन 84 लाख रुपये की खरीदी थी। इसके अलावा आरोपी ने कानपुर में मोहल्ला पारा में एक मकान, दूसरा मकान लखनऊ के कृष्णानगर और तीसरा मकान लखनऊ में यमुनानगर में खरीदा था। आरोपी ने बताया कि चार वाहन इनोवा, एक महेंद्रा तथा दो बोलेरो भी खरीदना बताया है।

# गेहूं तैयार नहीं, कागजों में शुरू हो गई खरीद

## पहले दिन केंद्रों पर नहीं खरीदा गया गेहूं का एक दाना, सूने रहे केंद्र, नहीं पहुंचे किसान

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


रोजा मंडी में सूना पड़ा केंद्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दो साल से हो रही कम गेहूं खरीद की भरपाई के लिए प्रशासन ने शुक्रवार को कई स्थानों पर क्रय केंद्र खोल दिए, लेकिन पहले दिन गेहूं का एक दाना तक नहीं आ सका। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अभी खेतों में गेहूं अधपका खड़ा है। ऐसे में गेहूं की आवक सरकारी क्रय केंद्रों पर हो सकी और न ही निजी आढ़त व फ्लोर मिलों पर गेहूं खरीदा गया। सरकार ने बीते वर्ष की अपेक्षा सरकारी केंद्रों पर मूल्य तो बढ़ा दिया है, लेकिन इसके बाद भी किसान का मोह निजी आढ़त और मिलों से भंग होने की उम्मीद कम ही है। किसान सरकारी सेंटर के पचड़े में पड़ना नहीं चाहते।

शुक्रवार से जिले में दो सौ केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू होनी थी। इसके लिए महीनों पहले से तैयारियां शुरू हो गई थीं। प्रचार-प्रसार कर किसानों को सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। सरकार ने पिछली बार की अपेक्षा इस बार समर्थन मूल्य में 150 रुपए की वृद्धि कर गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित कर दिया है। किसानों को बीस रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब के केंद्रों पर फसल की छनाई आदि के देने होते थे, वह रुपये भी किसानों के खाते में वापस आएंगे, लेकिन अभी सरकार को फसल के पकने और उसकी कटाई का इंतजार करना होगा। शुक्रवार को केंद्रों पर गेहूं खरीद कागजों में शुरू हो गई। वह बात अलग है कि

- **आधे से ज्यादा केंद्र नहीं हो सके सक्रिय, जो खुले उन पर भी नहीं पहुंचे किसान**
- **अभी फसल के पकने का करना होगा इंतजार, बनाए गए हैं 200 क्रय केंद्र**

अभी गेहूं तैयार नहीं है। मंडियों में सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गई हैं। केंद्रों पर बैनर आदि लगा दिए गए। किसानों के बैठने की व्यवस्था भी कर दी गई।

पोर्टल पर चार हजार छह सौ किसानों ने अब तक पंजीकरण भी करा लिया है। हालांकि अभी तक गेहूं किसी का भी पका नहीं है। यही वजह रही कि पहले दिन जिले में गेहूं का एक दाना तक नहीं खरीदा जा सका। बीते दो साल की गेहूं खरीद पर नजर डालें तो दो प्रतिशत भी गेहूं की खरीद नहीं हो सकी है। जबकि जिले में इस समय 5.69 लाख राशन कार्डधारक हैं। जिन्हें प्रतिमाह 1.13 लाख क्विंटल राशन बांटा जाता है। दो साल के भीतर एक लाख क्विंटल से भी कम खरीद हुई। इस तरह दो साल के भीतर 27.28 लाख क्विंटल राशन की आपूर्ति के लिए सरकार को पंजाब समेत दूसरे प्रांतों से गेहूं मंगाकर वितरित करना पड़ा। गेहूं उत्पादन व खरीद में जिला दशकों से प्रदेश में प्रथम पायदान पर रहा था, लेकिन बीते दो साल से जिले से वह तमगा छिनता जा रहा है।

### रोजा मंडी में बने 24 केंद्रों में पसरा सन्नाटा

**रोजा।** गेहूं की फसल अभी खेतों में अधपकी खड़ी हुई है, मगर सरकार ने शुक्रवार से गेहूं खरीद का फैसला किया है। रोजा मंडी में गेहूं खरीद के लिये 24 क्रय केंद्र सजकर तैयार तो हो गए है, लेकिन केंद्रों पर खरीददार आए हैं और न ही बेचने वाला। केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रसार प्रचार के साथ किसानों को प्रोत्साहित करने के अधिकारियों को आदेश दिये गये है। रोजा मंडी में इस बार 24 केंद्र बनाए गए हैं। केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। केंद्रों पर बैनर पोस्टर लगा दिये गये है। किसानों के बैठने के अलावा गुड़ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है।

### तिलहर में एक भी क्रय केंद्र सक्रिय नहीं

**तिलहर।** नवीन मंडी समिति में गेहूं खरीद के पहले दिन शुक्रवार को लगने वाले 27 क्रय केंद्रों में से कोई भी क्रय केंद्र नहीं लगा। शासन के निर्देश पर किसानों से गेहूं खरीदने के लिए नवीन मंडी समिति में 27 गेहूं क्रय केंद्र लगाने के लिए स्वीकृत हुए हैं। पहले दिन शुक्रवार को क्रय केंद्रों पर कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचा, जिस कारण कोई भी केंद्र पहले दिन संचालित नहीं हुआ। मंडी सचिव राम निवास ने बताया कि नवीन मंडी समिति में एफसीआई के 5, पीसीएफ के 9, पीसीयू के 6, यूपीएसएस के 2, एफसीआई और मंडी समिति का एक-एक क्रय केंद्र लगना है।

### बीते दो साल से निराशाजनक रही है गेहूं खरीद की स्थिति

जिले में गेहूं खरीद की बीते दो साल से दुर्दशा है। दो साल से लगातार खरीद केंद्र सूने रहते हैं। बीते वर्ष भी यही हुआ था। शुरू से अंत तक रोजा मंडी में केंद्र सूने पड़े रहे थे। एक मार्च से गेहूं खरीद की तैयारी शुरू हो गई थी, लेकिन आढ़तों पर पहली बार गेहूं पहुंचते-पहुंचते 15 मार्च हो गई थी। रोजा मंडी में बीते वर्ष भी 27 मार्च से गेहूं खरीद शुरू हुई थी। 31 मार्च तक चार दिन में 38 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा गया था। जनपद में रोजा सबसे बड़ी मंडी है। अभी तक प्रदेश सरकार की ओर से एक अप्रैल से गेहूं खरीद की व्यवस्था थी। इस बार भी होली बाद गेहूं खरीद शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

> हमारा प्रयास गेहूं खरीद बढ़ाने का है। किसानों के ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं। पहले दिन सेंटरों पर गेहूं नहीं आ सका है। उम्मीद है कि जल्द ही केंद्रों पर गेहूं पहुंचने लगेगा।
> **- राकेश मोहन पांडेय,** जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी।

## गैंगस्टर के चार अभियुक्त गिरफ्तार तीन की तलाश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर बाजार पुलिस ने गैंगस्टर के चार अपराधियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

पुलिस फरार तीन अपराधियों की तलाश कर रही है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि अपराधी रमाकांत निवासी मूर्छा थाना सिंधौली, ओमकार निवासी बारापुर थाना सिंधौली, शीबू खान निवासी बिजलीपुरा चौक कोतवाली, अमान निवासी बिजलीपुरा चौक कोतवाली, शिवम दीक्षित निवासी मूर्छा थाना सिंधौली, शहबाज निवासी बिजलीपुरा चौक कोतवाली, मोहम्मद शादान निवासी बिजलीपुरा चौक कोतवाली के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। रमाकांत, ओमकार वर्मा, शीबू खान व अमान को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि फरार अभियुक्त शिवम दीक्षित, शहबाज व मो. शादान की तलाश की जा रही है। टीम में उप निरीक्षक दिनेश कुमार, मतीन खां, अमित चौहान आदि थे।

## फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** कवरा गांव में एक महिला का शव कमरे में कुंडे से रस्सी के फंदे से लटका मिला। उसकी शादी छह साल पहले हुई थी। मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाया है।


मृतका रीता देवी।

कलान क्षेत्र के गांव कवरा निवासी हरेंद्र कुमार की शादी छह साल पहले रीता देवी (26) निवासी मुड़िया हास थाना कांट के साथ हुई थी। रीता ने गुरुवार शाम खाना बनाया और सबको खिलाने के बाद एक कमरे में सोने के लिए चली गई। पति हरेंद्र भी दूसरे कमरे में सोने के लिए चला गया। हरेंद्र रात 11 बजे उठा तो देखा कि उसकी पत्नी का शव कमरे में कुंडे से रस्सी से लटका हुआ था। उन्होंने परिवार वालों को जगाया और बताया। उन्होंने देर रात थाने पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव उतार लिया। इधर मृतका के पिता रामपाल को रात एक बजे खबर मिली। वह परिवार वालों के साथ पुत्री की ससुराल पहुंचे। उन्होंने बताया कि उसकी पुत्री रीता का शव जमीन पर पड़ा मिला। उसकी पुत्री ने गुरुवार की सुबह नौ बजे फोन पर बात की थी और कहा था कि आकर ले जाओ। ये लोग मारते पीटते है। उनका आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में बुलेट की मांग कर रहे थे इसलिए बेटी को मार डाला।

> मृतका के मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। **-प्रभाष चंद्र,** प्रभारी निरीक्षक कलान

## टेंपो पलटने से एक की मौत, चार चोटिल

**संवाददाता, जैतीपुर**

**अमृत विचार:** क्षेत्र में हिम्मतपुर मंदिर के पास शुक्रवार दोपहर बैलगाड़ी को बचाने के चक्कर में टेंपो पलट गया। टेंपो में सवार ग्रामीण की मौत हो गई और चार लोग चोटिल हो गए।



गांव मरेना निवासी पोपराम जाटव बदायूं के खैरेकटरा गांव में अपनी भांजी के देवर की शादी में शामिल होने के लिए टेंपो से जा रहे थे। साथ में भाभी सुशीला, चंद्र कली और भतीजे अनिल व शिवम थे। दोपहर करीब दो बजे टेंपो जब हिम्मतपुर मंदिर के पास पहुंचा, तभी सामने से बैलगाड़ी आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में टेंपो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। जिसमें गंभीर चोट आने पर पोपराम की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं।

## डंपर ने कार में मारी टक्कर, बाल-बाल बचा चालक

**संवाददाता, खुटार**

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार आ रहे डंपर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कार चालक बाल-बाल बच गया। कस्बा पुवायां के मोहल्ला गांधीनगर जेवा चौराहा निवासी बलजीत सिंह शुक्रवार को कार से क्षेत्र के प्रसादपुर रिश्तेदारी जा रहा था। खुटार मैलानी रोड पर कढ़ैया गांव के पास पहुंचा तभी मैलानी के तरफ से तेज रफ्तार आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार के सेफ्टी बैलून खुल गए। जिससे कार चालक बलजीत सिंह बाल-बाल बच गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि किसी के द्वारा कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई कार।

### हादसे में बच्ची और दंपती घायल

**पुवायां।** लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी के गांव महोलिया निवासी धर्मेंद्र कुमार शुक्रवार दोपहर बाइक से पत्नी पूनम व पांच वर्षीया बच्ची मधु को लेकर बहन के गांव पसिगनपुर जा रहे थे। रास्ते में पुवायां क्षेत्र के गांव ग्राम बद्रीपुर हदीरा के निकट उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार दंपती और बच्ची घायल हो गई। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। मधु को ज्यादा चोटें आईं हैं।

### दुर्घटना में घायल किशोर की मौत

**शाहजहांपुर।** लखीमपुर खीरी जिले के मोहम्मदी क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी आदिल (19) चार दिन पूर्व बाइक से जा रहा था। अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे वह घायल हो गया था। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां से डॉक्टर ने घायल को रेफर कर दिया था। परिवार वालों ने उसे एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। आदिल की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## ममेरे भाई थे हाईवे पर हादसे में मृत दोनों युवक

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **साहिल को जाना था जयपुर फूफा की मौत पर आया था**

**अमृत विचार:** हाईवे पर गोपालपुर चौराहे पर हादसे में मरे साहिल व अकील दोनों ममेरे भाई थे। साहिल जयपुर में रहता था और फूफा की मौत पर आया था। उसको शुक्रवार की सुबह जयपुर जाना था। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव समधाना निवासी साहिल (31) व अकील (25) निवासी शिवनगरा सिंधौली बाइक से तिलहर से सिंधौली आ रहे थे। हाईवे पर गोपालपुर चौराहे पर हादसे में दोनों की मौत हो गई। मृतक साहिल व अकील दोनों ममेरे भाई थे। जबकि साहिल जयपुर में प्राइवेट फर्म में नौकरी करता था और उसकी पत्नी एक बेटे व एक बेटी है। उसके फूफा बहादुर की 27 की मौत हो गई थी। मौत की खबर सुनकर जयपुर से आया था। उसे शुक्रवार को वापस जयपुर जाना था। साहिल की ससुराल थाना तिलहर में काकड़ में है। जबकि मृतक अकील की ससुराल फीलनगर थाना कटरा में है। अकील को खबर मिली कि उसका ममेरा भाई साहिल आया हुआ है। वह ममेरा भाई से मिलने कटरा गया था। साहिल ने अकील से कहा कि उससे कहा कि जयपुर जाना है। वह भी ममेरे भाई अकील के साथ चल दिया था। उसने सोचा था कि रात रुक कर सुबह ट्रेन पकड़ लेंगे। अकील की पत्नी का रीना और दो बेटे है। वह मजदूरी करता था। मौत की खबर से दोनों के परिवार में कोहराम मच गया।

## धोखाधड़ी में बिहार के चार अपराधी गिरफ्तार

**संवाददाता, खुटार**

**अमृत विचार:** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोला रोड पर शुक्रवार सुबह चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चार बैग, चार मोबाइल, 7040 रुपये, घरेलू सामान, आभूषण साफ करने का पाउडर, उपकरण बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह बिहार के रहने वाले हैं। पकड़े गए लोगों ने सफाई के बहाने महिला की चेन ले जाने की बात भी स्वीकार की है। महिला ने भी आरोपियों की पुष्टि की है।

पकड़े गए लोगों में बिहार के समस्तीपुर के थाना हसनपुर के गांव मोहद्दीपुर निवासी प्रमोद शाह व मनोहर शाह, थाना अनागार के गांव चैता दक्षिणी निवासी पंकज शाह, थाना विभूतिपुर के गांव करसे, पोस्ट सागमोहन निवासी नागेश्वर शाह शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम सब बिहार के रहने वाले है। गांव और कस्बों में जेवर की साफ-सफाई का काम करते है। कुछ दिनों से वह लोग लखीमपुर खीरी के कस्बा गोला में किराये के मकान में रह रहे थे। काम अच्छा न होने के कारण काफी परेशान थे। खर्चा पानी नहीं चल पा रहा था इसलिए हम लोगों ने योजना बनाई कि यदि किसी का जेवर साफ करने को मिला तो मौका देखकर उसे चुरा लेंगे। 23 फरवरी को खुटार के मोहल्ला रायटोला निवासी विजय शर्मा के घर पहुंचे थे और उनकी पत्नी सरला देवी से धोखाधड़ी कर तीन तोला सोने की चेन ठग ले गए थे।


पुलिस हिरासत में आरोपी व बरामद सामान। ● अमृत विचार

- **गोला में किराये के मकान में रह रहे थे चारों शातिर**
- **सफाई के बहाने महिला की चेन ले जाने की बात भी स्वीकारी**
- **घरेलू सामान, जेवर साफ करने के उपकरण व नगदी बरामद**

इसके बाद गोला में एक जगह पर जेवर साफ करने गए थे। चलते राहगीर ने अपना जेवर साफ करवाया था तो हम लोगों ने कहा कि हमारे पास पुरानी चेन है। आप चाहो तो ले लो। उक्त व्यक्ति ने यह चेन 15 हजार रुपये में खरीद ली। इसके बाद आरोपियों ने पैसों को बांट लिया था और बाकी पैसे खाने पीने में खर्च हो गए। बोले, साहब आज हम कई दिनों बाद काम करने निकले थे। लेकिन पकड़ लिए गए। पुलिस ने मुकदमे में तरमीम कर धारा 411 बढ़ा दी। पुलिस ने चारों को को कोर्ट में पेश किया है। जहां से जेल भेज दिया गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी बाल अपचारी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन एसओ राजेंद्र कुमार ने पिछले माह एक गांव निवासी बाल अपचारी किशोरी का अगवा कर ले गया था। आरोप था कि बाल अपचारी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में सुनील कुमार आदि थे। मदनापुर के उप निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि प्रेमपाल निवासी नरदरा थाना मदनापुर के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने अभियुक्त प्रेमपाल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## ट्रक से कुचलकर ग्रामीण की मौत

**पुवायां, अमृत विचार:** ट्रक से टक्कर लगने के चलते शुक्रवार को अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के ग्राम दिलीपपुर निवासी शिवकुमार (55) पुत्र मुंशीलाल शुक्रवार शाम को किसी कार्य से जेवां चौराहे के पास खुटार रोड की तरफ जा रहा था। तेज गति से पीछे से आ रहे ट्रक ने उसको टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना स्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। काफी देर तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। काफी देर बाद मृतक के पुत्र को जानकारी होने पर वह पहुंचा और उसने कपड़ों से अपने पिता के रूप में मृतक की पहचान की। मृतक शिव कुमार के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। जिसमें बड़े पुत्र मोहित और पुत्री चांदनी की शादी हो चुकी है। एक पुत्र रोहित की शादी नहीं हुई है। मृतक की पत्नी की कई साल पहले मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि वह शराब का आदी था।

## किसान विरोधी नीतियां अपना रही सरकार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन की मासिक पंचायत शुक्रवार को सिंचाई विभाग डाक बंगला परिसर में हुई। जहां विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा।

पंचायत में जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों से मिलकर एक प्राइवेट एजेंसी की तरह कार्य कर रही है। सरकार की किसान व मजदूर विरोधी नीतियां एवं कार्यशैली अलोकतांत्रिक सिद्ध हो रही है। संवैधानिक संस्थान कमजोर कर जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है। नगर अध्यक्ष वेदपाल सिंह आर्य ने कहा कि किसान का उत्पादन उसके परिवार के लिए जीविका का एकमात्र साधन है। जिस पर उत्पादन का मूल्य ही नहीं मिल रहा है। सरकार को एमएसपी कानून बनाकर किसान को मजबूत करना चाहिए। किसान कर्ज से बाहर नहीं निकल पा रहा है। कहा कि सरकार को किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करना चाहिए, क्योंकि हजारों करोड़ का कर्ज उद्योगपतियों का सरकार ने माफ किया है तो किसान का क्यों नहीं हो सकता है। किसान छुट्टा पशुओं से अपनी फसल को नहीं बचा पा रहा है। गोशालाओं में भ्रष्टाचार चरम पर फैला हुआ है, जिसकी यूनियन ने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष सदर दीपक शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष सिंधौली चंद्रपाल सिंह, शिवनारायण मिश्र, चंद्रपाल सिंह, गयादीन वर्मा, हरदयाल वर्मा, सतीश बाबू, आदि किसान उपस्थित रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन देते भाकिमसं यूनियन के पदाधिकारी।

- **विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकिमसं यूनियन ने सौंपा ज्ञापन**
- **बोले, गोशालाओं में चरम पर फैला है भ्रष्टाचार**

# आईएएस का गांव बदहाल, गलियां जर्जर, नालियां उफनाईं

## ग्राम पंचायत नथुआपुर के अख्त्यारपुर में नहीं बनी नालियां, बंद हैं शौचालय और सचिवालय

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचार:** गांवों को शहर जैसी सुविधाएं दिए जाने की कवायद चल रही है लेकिन क्षेत्र का एक गांव अख्त्यारपुर है जहां के रहने वाले पति-पत्नी आईएएस हैं, इसके बावजूद भी गांवों में तमाम विकास परियोजनाएं दम तोड़ रहीं हैं। गांव में दलदल है नालियों का निर्माण नहीं हुआ है, शौचालय, सचिवालय सब है लेकिन बंद पड़े हैं, हैंडपंप जमीन में धंस गया है।

यह गांव ग्राम पंचायत नथुआपुर का हिस्सा है। अख्त्यारपुर ब्लॉक मुख्यालय से गांव सात किलोमीटर दूर है, जिला मुख्यालय से इसकी दूरी 15 किलोमीटर है। पुवायां से शाहजहांपुर की ओर जाने वाले हाईवे पर सिंधौली का खन्नौत पुल पार करते ही मूर्छा मोड़ से इस गांव को रास्ता जाता है। मूर्छा मोड़ से गांव तक डामर रोड है। गांव में घुसते ही पंचायत घर मिलेगा जोकि बंद पड़ा है, इसका निर्माण पिछली पंचवर्षीय योजना में किया गया था। इसके बराबर में पांच लाख रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय में भी कई महीनों से ताला लगा हुआ है। गांव के अंदर मुख्य रोड पर आईएएस अजीत कुमार वर्मा का मकान है, उनकी तैनाती नागालैंड के मौन जनपद में है, इनकी पत्नी भी आईएएस है। उनकी दिल्ली में ट्रेनिंग चल रही है। यहां आईएएस अजीत के पिता गजाधरलाल वर्मा पत्नी के साथ रहते हैं। मकान देख कर ही अंदाजा लग जाएगा कि वह किस स्तर के व्यक्ति हैं। वह तीन बार प्रधान रह चुके हैं, वर्तमान में दलित के लिए सीट आरक्षित हो जाने पर दलित प्रधान रामभजन हैं। जो ग्राम पंचायत के मजरा बचुईया गांव में रहते हैं। अख्त्यारपुर में पेयजल का हाल क्या है, इसका अंदाजा जमीन में कई फिट गहराई में दबे हैंडपंप को देख कर लगाया जा सकता है।

प्राथमिक विद्यालय का भी कायाकल्प नहीं हो पाया है। यहां रसोईघर, विद्यालय परिसर में इंटरलॉकिंग, वॉलपेंटिंग नहीं है। ग्राम पंचायत नथुआपुर में मुख्य सड़क से दक्षिण की ओर विजय वर्मा के मकान तक सही से रास्ता है और न ही पानी निकास को नाली बनी है। कच्ची नाली में अधिक पानी आने पर सड़क पर दलदल हो जाती है। गांव के पूरब में मुख्य रोड से दक्षिण की तरफ भी गंदगी ही गदंगी है। ग्राम पंचायत के बचुईया गांव में ही एक जगह इंटरलॉकिग हैं, आरोप है कि यह भी मानक के अनुरूप नहीं बनाई गई है। गांव के पश्चिम में गोशाला बनी हुई है, जिसमें 25 गोवंश हैं। यहां इन्हें सूखा भूसा खिलाया जा रहा है, वह भी सड़ा हुआ है। एक हैंडपंप लगा हुआ, स्टोर रूम है लेकिन उसमें छत नहीं है, स्टोर रूम का गेट हिल रहा है, दीवारें दरक गईं हैं।


मुख्य सड़क से दक्षिण की ओर विजय वर्मा के मकान तक गंदगी। • अमृत विचार


पूरब में मुख्य रोड से दक्षिण की तरफ फैली गंदगी। • अमृत विचार

- **पेयजल को लगाया हैंडपंप भी जमीन में धंसा**
- **दो आईएएस दंपती के गांव का हाल बेहाल**

> पंचायत सहायक द्वारा इस्तीफा दे देने के बाद अभी तक नियुक्ति नहीं हो पाई है। जिस कारण पंचायत घर खुलने में समस्या हो रही है। ब्लॉक अधिकारी को जल्द नियुक्त के बारे में लिखा गया है। – **रामभजन**, प्रधान

> गांव में समस्या के बारे में जानकारी मिली है, जल्द ही गांव जाकर मामले की जांच करूंगा और समस्या का निदान करने की कोशिश की जाएगी। – **पवन श्रीवास्तव**, ग्राम विकास अधिकारी

> गोशाला में पशुओं के भोजन सहित हर समस्या को ध्यान में रखते हुए जांच कराई जाएगी। इसमें लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। – **देव कुमार चतुर्वेदी**, बीडीओ

### बोले ग्रामीण


गांव में गंदगी के बारे में कई बार जिम्मेदार लोगों से शिकायत की गई, इसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। गांव के लोग गंदगी के बीच गुजरने को मजबूर हैं। – **पप्पू**


गांव में पक्की नाली का निर्माण नहीं कराया गया है जिस कारण पानी के निकास की उचित व्यवस्था नहीं है। इसी वजह से गांव में दलदल बनी रहती है, अधिकार बेपरवाह बने हुए हैं। – **सुनील**


कई बार ब्लॉक के अधिकारियों से गांव की समस्या के बारे में बताया गया लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है, लेकिन वह लगातार शिकायतें कर रहे हैं, ताकि गांव में सुधार हो। – **गजाधर लाल**, पूर्व प्रधान

## जलभराव से निकलना मुश्किल, व्यापार हो रहा चौपट



**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** नगर के मेन बाजार रोड और मोहल्ला बंगशान में जलभराव की नासूर बन चुकी समस्या से नागरिक परेशान हैं। आवागमन की समस्या के साथ दुकानदारों की दुकानदारी ठप है। मेन बाजार और आधे मोहल्ला बंगशान की जल निकासी पंपिंग सेट लगाकर नियमित होती है। हाईवे चौड़ीकरण में नाला भी ध्वस्त हो गया। इससे मोहल्ला बंगशान और सब्जी मंडी रोड की जल निकासी भी बंद हो गई। पिछले साल से प्राइमरी स्कूल के पास पंपिंग सेट लगाकर नियमित जल निकासी हो रही हैं। नगर पंचायत को सालाना लाखों रुपये डीजल में खर्च होने के बावजूद बरसात में जलभराव से सड़कें तालाब और दलदल में तब्दील हो जाती हैं। बाजार और सब्जी मंडी रोड पर दो तीन फीट तक पानी दुकानों के अंदर पानी भर जाता है। उधर, सर्राफ एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद वर्मा का कहना है कि व्यापारी और नागरिक बाजार में जलभराव से नरकीय यातना भोग रहे हैं। मोबाइल टेलीकॉम से आसिफ मोबाइल के मालिक नदीम ने इस समस्या को बहुत गंभीर बताया है। दुकानदारी में काफी फर्क पड़ा है। जलभराव को लेकर ग्राहक बाजार में कम आने लगा है। कोई भी जिम्मेदार समस्या के समाधान में दिलचस्पी नहीं ले रहा है।

# तेंदुआ ने किया नीलगाय का शिकार, दहशत

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव सीतापुर में तेंदुआ की चहलकदमी से ग्रामीण दहशत में हैं। शुक्रवार तड़के गांव महुआ पिमई में गेहूं के खेत में तेंदुआ ने नीलगाय का शिकार कर लिया। पीछे का हिस्सा पूरी तरह खा लिया और गाय के शरीर में कई जगह पंजे के निशान है। ग्रामीणों के खेतों की तरफ जाने पर नीलगाय का अधखाया शव पड़ा मिला। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची। ग्रामीणों से पूछताछ के बाद नीलगाय का पोस्टमार्टम कराया और शव को दफना दिया गया। रेंजर का दावा है कि सूखे खेत होने के चलते पगमार्क नहीं मिले और लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाई है।

शुक्रवार सुबह खुटार के गांव महुआ पिमई के कुछ लोग छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने खेतों पर गए थे। ओमप्रकाश ने खेत में गेहूं दबे देखे। जिस पर अनहोनी की आशंका जताई। ग्रामीणों के जाने पर खेत में नीलगाय का अधखाया शव मिला और पास में काफी खून पड़ा था। ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार सुबह ही तेंदुआ ने नीलगाय पर पीछे से हमला कर मांस नोचकर मार डाला। हमले से नीलगाय के शरीर में भी पंजे के निशान है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने रेंजर मनोज श्रीवास्तव को दी। सूचना मिलते ही रेंजर ने वन दरोगा डोरीलाल, अशोक वाजपेयी को घटनास्थल पर भेजा। जहां वनकर्मियों ने जांच की। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को दफना दिया गया। जबकि खेत में पगमार्क नही मिले और लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाई। तेंदुआ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत में है।


कांबिंग करते हुए सूचना पर पहुंचे वनकर्मी। • अमृत विचार

### फसलों की रखवाली करना मुश्किल

ग्रामीणों के अनुसार, गांव नरौठा हंसराम के पूर्व दिशा में गुरुवार रात को तेंदुआ के गुर्राने की आवाज सुनाई दे रही थी। दहशत में लोगों की नींद तक पूरी नहीं हो पा रही है। आबादी किनारे चहलकदमी से लोग डरे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ ने गन्ने के खेत में अपना डेरा डाल रखा है। किसान खेतों में फसल की रखवाली करने नहीं पहुंच पा रहे है। जिससे छुट्टा पशु फसल को चर जाते है और नुकसान हो रहा है।

> सूचना मिली थी वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया था। नीलगाय का पोस्टमार्टम कराकर उसे दफना फ़िया गया है। खेत सूखा होने की वजह से लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाई है। ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। –**मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर खुटार

### वन विभाग बरत रहा लापरवाही, कई बार हमलावर हो चुका तेंदुआ

**खुटार।** तेंदुआ की चहलकदमी से खुटार के आसपास कई गांव में दहशत बनी हुई है। इसके बावजूद वन विभाग लापरवाही बरत रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 22 फरवरी से तेंदुआ लगातार देखा जा रहा है। तेंदुआ ने गांव सीतापुर में गन्ना छिलाई कर रहे गांव नरौठा देवीदास निवासी दीपक पर हमला कर घायल कर दिया था। उसी दिन रात को गांव सीतापुर के अंकुल वर्मा पर हमला कर दिया था।

इसके साथ ही दो छुट्टा पशुओं को निवाला बन चुका है। दो दिन पूर्व बाबा चौराहे पर पालतू गाय पर भी हमला कर घायल कर दिया था और अब महुआ पिमई में नीलगाय का शिकार कर लिया है। लेकिन वनकर्मी पगमार्क और कांबिंग तक ही सीमित है। उसमें भी खानापूर्ति की जा रही है। तेंदुआ की दहशत से गांव सीतापुर, सहारू, सिंहपुर, कढ़ैया, लुकटाह, नरौठा हंसराम, महुआ पिमई आदि गांव में दहशत है। बावजूद इसके अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## लॉटरी से दिए ठेकेदारों को विकास कार्य

**तिलहर।** नगर पालिका परिषद की ओर से जारी निविदा के आधार पर करीब ढाई करोड़ के प्रस्तावित 44 निर्माण कार्यों के लिए लॉटरी के माध्यम से विकास कार्यों का ठेकेदारों को वितरण किया गया। नगर पालिका परिषद के द्वारा करीब ढाई करोड़ रुपये के 44 विकास कार्यों को लेकर ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई थी। इसी के सापेक्ष टेंडर खोलने पर 29 कार्यों पर ठेकेदारों की ओर से एक समान रुपए दिए गए। इसको देखते हुए ईओ कल्पना शर्मा व जेई विपिन यादव, प्रधान लिपिक अय्यूब हुसैन की देखरेख में इन 29 कार्यों के लिए लॉटरी के माध्यम से प्रक्रिया अपनाई गई। सभासदों के सामने बच्चों से कार्यों को लेकर पर्ची निकलवाई गई। इसमें ठेकेदार संजीव कुमार गुप्ता को 6, सगीर अहमद गुड्डू को 3, अब्दुल रशीद, शुभम यादव, रिंकू गुप्ता को 4-4, प्रदीप गुप्ता दीपू को 3, बांके बिहारी, श्यामा ट्रेडर्स, बिट्टो देवी को 1-1 और साजिद खान को 2 निर्माण कार्य पर्ची के द्वारा मिले।

# बीते वर्ष से कम की लगी बोली, नहीं हुआ ठेका

संवाददाता, कुर्रिया कलां

**अमृत विचार:** नगर पंचायत कार्यालय पर वार्षिक ठेका नीलामी में पार्किंग ठेका की विगत वर्ष से कम बोली आने से पार्किंग सहित कोई ठेका नहीं हो सका। अधिशासी अधिकारी नूरजहां, अध्यक्ष मुनारा बेगम के प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष रईस मियां वरिष्ठ लिपिक दानिश खान की उपस्थिति में बोली लगाई गई।

नगर पंचायत कांट में अधिशासी अधिकारी नूरजहां व अध्यक्ष बेगम की प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष रईस मियां वरिष्ठ लिपिक दानिश खान एवं ठेकेदारों की मौजूदगी में सबसे पहले ठेका पार्किंग में सरकारी बोली लगी जो 17 60 लाख थी। जिसमें अधिकतम 9 लाख की ही बोली आई इसलिए इसे अगली तिथि तक स्थगित कर दिया गया। वहीं सार्वजनिक शौचालय, नस्तरा तालाब के लिए किसी ठेकेदार ने जमानत राशि जमा की और न कोई बोली हो सकी। हालांकि इस मौके पर ठेकेदारों ने यह भी कहा कि इससे अधिक बोली नहीं आ सकती इसलिए ठेका सबसे अधिक बोली वाले का कर दिया जाए, लेकिन नियमानुसार इसको भी स्थगित कर दिया गया। इस मौके पर कि कहां से कितनी वसूली की जाए, इस पर भी चर्चा होती रही।

इस मौके पर ठेकेदार संजीद अली, अवधेश कुमार एवं संजीव गुप्ता की ही जमानत राशि पर बोली लगाई गई। इस मौके पर नगर पंचायत के वार्ड सभासद स्टाफ ठेकेदार एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।


ठेका बोली के दौरान अधिशासी अधिकारी नूरजहां अध्यक्ष मुनारा बेगम के प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष रईस मियां व अन्य। • अमृत विचार

# नगर निगम की बैठक में कई प्रस्ताव पास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नगर निगम कार्यकारिणी समिति की शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें निर्माण अनुभाग से संबंधित विकास कार्यों एवं आगामी वित्तीय वर्ष में होने वाले कार्यों के संबंध में विचार-विमर्श कर कई महत्वपूर्ण कार्यों के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। महापौर अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्षद वेद प्रकाश मौर्या, सुधीर गुप्ता, राकेश कुमार, दिवाकर मिश्रा, रीता राठौर, शब्बन अली, अरविंद राजपाल, जीशान, सोनी मिश्रा, नीतू सिंह, शिवओम सक्सेना, विजय वर्मा, नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह, उप नगर आयुक्त/सचिव संगीता कुमारी, मुख्य अभियंता एस अंबेडकर, अधिशासी अभियंता आशीष त्रिवेदी, अवर अभियंता मनोज कुमार एवं एसपी सिंह, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद महापौर अर्चना वर्मा व अन्य। • अमृत विचार

## ददरौल क्षेत्र के संपर्क मार्ग स्वीकृत करने को उठाई मांग

**शाहजहांपुर।** ददरौल विधायक पुत्र अरविंद सिंह ने लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र भेजकर विधायक पिता द्वारा प्रस्तावित मार्गों का निर्माण कराने का आग्रह किया है। पत्र में लिखा है कि उनके स्वर्गवासी पिता मानवेंद्र सिंह ने अपने कार्यकाल में कई विकास कार्य क्षेत्र में कराए। साथ ही कुछ कार्य बाकी भी रह गए। शेष कार्य पूरे होने पर लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद से आग्रह किया है कि एनएच 24 पर स्थित ग्राम बरतारा से जहानपुर होकर सरही नहर पुलिया तक मार्ग, ब्लॉक कांट में मल्हपुर से बहादुरपुर संपर्क मार्ग, पडैच्चा मोड़ से ग्राम अमौरा तक संपर्क मार्ग समेत कई मार्गों का नव निर्माण होना है। उन्होंने सभी प्रस्तावित मार्गों को स्वीकृति देने की अपेक्षा की है।

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्प्लान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab
डॉ० एम.बी. गौतम (डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडेन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रेक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient
उपलब्ध सुविधायें : ◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना। ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/स्वतंत्रता सेनानी

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## एक नजर

### गर्भस्थ शिशु की मौत पर जांच शुरू

**शाहजहांपुर।** कांट क्षेत्र के गांव लाड़पुर निवासी ओमप्रकाश ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत की थी कि 25 फरवरी को रात 12 बजे गर्भवती पत्नी नीतू को प्रसव कराने के लिए कांट सीएचसी पर लाया था। आरोप है कि वह पहुंचा तो कोई स्टाफ नहीं था। लगभग एक घंटे बाद दाई आई। दाई ने एक घंटे में दो बार पत्नी को गोली खाने को दी। उसका आरोप है गोली खाने से बच्चेदानी की झिल्ली फट गई। 26 फरवरी की सुबह आठ बजे स्टाफ नर्स आई। नर्स ने नार्मल डिलीवरी का आश्वासन दिया। आरोप है कि नर्स ने सुविधा शुल्क की मांग की। नर्स ने डिलीवरी करने का प्रयास किया तो महिला की तबीयत बिगड़ गई। महिला को मेडिकल कालेज रेफर किया था। जहां महिला ने मृत बच्ची को जन्म दिया था। पीड़ित ने दाई व स्टाफ नर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### कोर्ट के आदेश पर सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला हुंडालखेल निवासी सताक्षी मिश्रा ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 31 मई 23 को दोपहर दो बजे घर पर थी। इसी बीच कोतवाली के मोहल्ला प्रताप इंकलेव कॉलोनी का संजय सक्सेना अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस आए। उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारा पीटा और घरेलू सामान तोड़ दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने थाने पर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह कोर्ट चली गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर संजय सक्सेना समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मजदूरी के रुपये दिलाने की पुलिस से लगाई गुहार

**खुदागंज।** क्षेत्र के गांव चिरचिरा गोटिया निवासी अंकित पुत्र राजबहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व उसके गांव का ही एक व्यक्ति उसे कंबाइन पर 16000 महीने की मजदूरी तय करके ले गया था। बाद में रुपये देने से मुकर गया। जब रुपये मांगने उसके घर गया, तो गालियां देकर धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### 137 ने दी उर्दू परीक्षा

**शाहजहांपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को सुबह की पाली में इंटरमीडिएट उर्दू की परीक्षा हुई। परीक्षा में पंजीकृत 146 परीक्षार्थियों में 137 परीक्षा में शामिल हुए और नौ परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गए।

# इलाज के दौरान गर्भवती की मौत, हंगामे के बाद अस्पताल सील

## दो माह की गर्भवती थी महिला, परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप, डॉक्टर समेत दो पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कलान

- कलान का मामला, एक युवती के कहने पर गुरुवार शाम परिजनों ने कराया था प्राइवेट अस्पताल में भर्ती



अस्पताल के बाहर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार


अस्पताल को सील करने की कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**अमृत विचार :** दो माह की गर्भवती की इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पताल में गुरुवार रात मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पति की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर डॉक्टर और एक युवती समेत तीन लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने एक स्वास्थ्यकर्मी को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। इधर, शुक्रवार सुबह सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में पहुंची टीम ने अनाधिकृत रूप से चल रहे अस्पताल को सील कर दिया।


मृतका आसमां।

कस्बे के मोहल्ला उल्फतनगर निवासी शौकीन ने बताया कि उसकी पत्नी आसमां दो माह की गर्भवती थी। गुरुवार शाम को अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। उसी बीच उसके घर मोहल्ला शिवनगर निवासी प्रियंका उर्फ रिया आई और कुछ इलाज किया लेकिन पत्नी की तबीयत ठीक नही हुई। तो उसने कहा कि आसमां को अस्पताल ले जाना पडेगा।

इस पर वह पत्नी को प्रियंका और उसके भाई अजय के साथ उसकी बाइक पर बैठाकर नगर पंचायत मुख्य रोड कलान में स्थित सिटी हास्पिटल में शाम करीब छह बजे ले गया। जहां कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य वहोरा के गंगपुर निवासी डॉ. अवनीश मौजूद थे। उसने डॉक्टर से कहा कि पत्नी को देख लो, अगर आपके वश में है तो इलाज करो नही तो मैं कही और ले जाऊं।

इस पर डॉ. अवनीश ने कहा कि घबराने की आवश्यकता नही है और आसमां का इलाज शुरू कर दिया। इलाज के नाम पर डॉ. ने 16700 रुपये नगद जमा करा लिए लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ती गई। रात के करीब 12 बजे तबीयत काफी बिगड़ गई तब डॉक्टर ने बताया कि मरीज को कहीं और ले जाओ इसके अंदर खून की कमी है। इतने में पत्नी ने दम तोड़ दिया और डॉक्टर व रिया मौके से भाग गए। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी की मौत डॉ. अवनीश व रिया की लापरवाही के कारण हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर डॉक्टर और रिया व अजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### क्षेत्रवासियों ने लगाया अनदेखी का आरोप

लोगों ने आरोप लगाया कि अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग मौन स्वीकृति प्रदान किए हुए हैं, जिस कारण आए दिन प्रसूताओं की मौत के मामले सामने आ रहे हैं। यदि स्वास्थ्य विभाग मौन स्वीकृति नहीं दिए है, तो फिर स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी, तहसील दिवस एवं एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण करने के दौरान आने पर निरीक्षण क्यों नहीं करते।

### डिप्टी सीएमओ पहुंचे कलान, अस्पताल किया सील

गर्भवती की मौत की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार को दो बजे सीएमओ के निर्देश पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आसिब, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह, हल्का इंचार्ज यशपाल सिंह व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अनाधिकृत रूप से चल रहे सिटी अस्पताल को सील कर दिया। वहीं क्षेत्र में अनधिकृत रूप से चल रहे अस्पताल के संचालक अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर भाग गए।

### सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव कराने की अपील

पीएचसी प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह यादव ने इस घटना के बाद लोगों को जागरूक करते हुए कहा है कि सुरक्षित प्रसव के लिए सरकार तमाम योजनाएं चला रही है, इसलिए सरकारी अस्पतालों में ही सुरक्षित प्रसव कराएं, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहें।

### डिप्टी सीएमओ को दी गई जांच

महिला की मौत मामले में डिप्टी सीएमओ डॉ. आसिफ को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है। वह कलान में जाकर जांच करेंगे। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।
–डॉ. आरके गौतम, सीएमओ

महिला दो माह की गर्भवती थी, उसका गर्भपात किए जाने पर अधिक रक्तस्राव की वजह से मौत की बात सामने आई है। अस्पताल अनाधिकृत रूप से चल रहा था, अस्पताल में कोई डिग्रीधारक नहीं था। अस्पताल के कोई कागज भी नहीं मिले हैं, इसलिए अस्पताल को सील कर दिया गया। इसकी जांच रिपोर्ट सीएमओ को भेजी जाएगी। क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से चल रहे अस्पतालों के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई की जाएगी।
–डॉ. दिनेश सिंह यादव, चिकित्सा अधीक्षक, पीएचसी कलान

## गरीब-पिछड़ों के लिए भाजपा सरकारों ने चलाईं कई योजनाएं

**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां ग्रामीण मंडल में शुक्रवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वावधान में पिछड़ा वर्ग सामाजिक सम्मेलन का आयोजन ग्राम गंगाई में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने गरीबों व पिछड़ों के उत्थान के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं को चलाया है। समाज के लोगों में भी जागरुरूकता बढ़ रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत देश शीघ्र विकसित राष्ट्र बनेगा। इस अवसर पर जिला मंत्री भाजपा अनुराग सिंह, जिला प्रशांत पटेल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप और किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा सर्वेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा संदीप वर्मा, कृष्णा बाबा, जिला पंचायत सदस्य बृजेश कुमार, उपेंद्र चौहान, ओमेंद्र चौधरी, प्रधान मनोज वर्मा, प्रधान दंगल सिंह यादव, प्रधान मनोज वर्मा आदि रहे। संचालन प्रधान संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा ने किया। जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ ने आभार व्यक्त किया।

# जीवन जीने की कला सिखाता है सत्संग

संवाददाता, जलालाबाद

- विराट संत सम्मेलन में स्वामी सत्यानंद महाराज ने बताई सत्संग की महिमा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय सोअहम महामंडल के तत्वावधान में नगर के एक मैरिज लॉन में चल रहे विराट संत सम्मेलन में स्वामी सत्यानंद महाराज ने सत्संग की महिमा का वर्णन किया।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सत्संग मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाता है। सत्संग से ही जीव के जीवन की बुराइयों दूर होती है। परमार्थ का रास्ता सत्संग की गलियों से होकर ही गुजरता है। सत्संग के द्वारा ही अजामिल अंगुलिमाल जैसे डाकू का जीवन संत के रूप में परिवर्तित हो गया। उन्होंने कहा कि "बिनु सत्संग विवेक न होई"। सत्संग का जीवन में जो महत्व है उसका बखान नही किया जा सकता। इस दौरान उन्होंने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। सम्मेलन में स्वामी प्रणवानंद महाराज, स्वामी प्रज्ञानंद महाराज, स्वामी नारायणानंद महाराज, स्वामी बृजानंद महाराज व अरुण स्वरूप ने भी विभिन्न विषयों पर प्रवचन के भक्तों का मार्गदर्शन किया। अंत में आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजक प्रमोद गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, निखिल गुप्ता, किरनेश सिंह, योगेश गुप्ता आदि बराबर व्यवस्था में लगे रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


वेदवाणी सुनाते सत्यानंद महाराज।


संत सम्मेलन में बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## समूह की महिलाओं को दी पानी के परीक्षण की जानकारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा किए गए आवेदनों का साक्षात्कार लिया गया।

साक्षात्कार में सफल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का वाटर क्वालिटी टेस्टिंग किए जाने का परीक्षण नगर निगम के जल-कल विभाग द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपति द्वारा 5 को की जाएगी। राष्ट्रपति द्वारा चयनित समूह सदस्यों से वर्चुअल संवाद भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सूखे कचरे को अलग कर पुनः उपयोग के लिए रिसाइक्लर के पास भेजना सिखाया गया। इच्छुक/ समूहों के तीन मार्च शाम पांच बजे तक आवेदन जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) में जमा किए जा सकते हैं। चयन नगर आयुक्त कामता प्रसाद की अध्यक्षता में गठित चयन समिति ने जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के माध्यम से किया था।

# पैरामेडिकल कॉलेज पर प्रवेश के नाम पर रुपये ठगने का आरोप, हंगामा

संवाददाता, शाहजहांपुर



कॉलेज में प्रदर्शन के दौरान मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- फर्जी बताकर छात्र-छात्राओं ने दी तहरीर
- जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को जांच सौंपी

**अमृत विचार :** बरेली मोड़ स्थित एक पैरामेडिकल कॉलेज के फर्जी होने का आरोप लगाते हुए छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को जमकर हंगामा किया। विद्यार्थियों ने अजीजगंज चौकी में तहरीर देकर कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की। डीएम ने मामले की जांच के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को जांच सौंपी है।

शुक्रवार को बरेली मोड़ पर स्थित बीके सिंह पैरामेडिकल कॉलेज के छात्रों ने जमकर हंगामा काटा। उनका कहना था कि विगत दो वर्षों से कॉलेज में रेगुलर एडमिशन प्रक्रिया के आधार पर 500 छात्रों के प्रवेश लेकर एक साल का रिजल्ट अपनी ऑनलाइन साइट पर दे दिया गया। जोकि वेरिफिकेशन में फर्जी निकला। आरोप है कि कॉलेज के डायरेक्टर और प्राचार्य ने एडमिशन के नाम पर करोड़ों रुपये फीस वसूली है। कॉलेज का बोर्ड सरकारी वेबसाइट पर भी दिखाई नहीं दे रहा है। इसके बाद सभी छात्र एकत्रित होकर पुलिस चौकी अजीजगंज पहुंचे। यहां कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने को लेकर तहरीर दी। तहरीर देने वालों में छात्र वंदना, कमल शुक्ला, अंशिका श्रीवास्तव, मोनी देवी, सुषमा, अरमान सिद्दीकी, अर्जुन वर्मा आदि शामिल हैं। इंस्पेक्टर कोतवाली चौक राजीव तोमर ने बताया कि विद्यार्थियों के तहरीर पर जांच के लिए मामला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अग्रेषित कर दिया गया है। वहां से जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

कॉलेज डायरेक्टर को शनिवार को ऑफिस बुलाया गया है। पूरा प्रकरण जानने के बाद कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा। अगर कॉलेज प्रबंधन दोषी होगा तो कार्रवाई की जाएगी। –प्रवेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट।

कॉलेज के समस्त दस्तावेज सरकारी मान्यता प्राप्त हैं। कॉलेज केवल सरकारी वेबसाइट पर शो नहीं हो रहा है। जिसे जल्द ही अपलोड करवा दिया जाएगा। छात्रों के द्वारा लगाए गए सभी आरोप बुनियाद है। जांच में स्थिति साफ हो जाएगी। –रामहरि यादव, प्राचार्य बीके सिंह पैरामेडिकल कॉलेज।

# भाईचारे से मनाएं त्योहार


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी और संभ्रांत नागरिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, रोजा

- रोजा थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक

**अमृत विचार :** आगामी त्योहार महाशिवरात्रि पर्व व शिव बारात को लेकर थाना रोजा परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीओ सदर व एसडीएम सदर ने सभी से त्योहारों को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की हैं। पीस कमेटी की बैठक में सीओ सदर अमित चौरसिया ने कहा कि कोई भी समस्या हो तो पुलिस को बताएं। एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने कहा कि शिवरात्रि के दिन क्षेत्र के शिव मंदिरों पर पुलिस की पेट्रोलिंग रहेगी। जिन मंदिरों पर भीड़ अधिक रहती है वहां पर स्पेशल पुलिस बल तैनात किया जाएगा। बैठक में पार्षद प्रतिनिधि, प्रधान, व्यापारी आदि मौजूद थे।

## मल्हपुर में हुआ लाभार्थी संपर्क अभियान

**कुर्रिया कलां, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने लाभार्थियों से संपर्क करने के लिए नया अभियान शुरू किया है, जिसमें लाभार्थी संपर्क अभियान के जरिए बीजेपी लाभार्थियों के घर जा रही है। इसमें पार्टी के नेता, सांसद और योगी सरकार के मंत्री शामिल रहे हैं। जिसमें लाभार्थियों को मोदी जी की गारंटी के बारे में बताया जाएगा।

शुक्रवार को विकासखंड कांट के ग्राम मल्हपुर में भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान मंडल अध्यक्ष सरथौली मानू मिश्रा की अगुवाई में चलाया गया। जिसमें सरकार की ओर से संचालित की गई योजनाओं के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी गई और उसके लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मानू मिश्रा, मोहित दीक्षित, दीपक अग्निहोत्री, उपदेश भदौरिया मौजूद रहे।

# टायर फटा, यात्रियों से भरी बस डिवाइडर से टकराई

संवाददाता, खुटार

- शुक्रवार को खुटार पूरनपुर मार्ग पर हुआ हादसा
- बस में बैठे कई यात्री मामूली चोटिल, इलाज कराया

**अमृत विचार :** नेपाल से पीलीभीत की ओर जा रही यात्रियों से भरी प्राइवेट बस का खुटार-पूरनपुर मार्ग पर टोल प्लाजा के समीप टायर फट गया। जिससे बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बस में बैठे कई यात्री मामूली चोटिल हो गए। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया।

हादसा शुक्रवार रात करीब 7:30 बजे का है। डिवाइडर से बस टकराने के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और बस में सवार यात्रियों को जैसे तैसे बाहर निकाला। बस में महिलाएं, पुरुष और बच्चें सवार थे। घटना की जानकारी कुछ यात्रियों के परिजनों को होने के बाद वह मौके पर पहुंचे और निजी वाहनों से घर लेकर लौट गए। कुछ यात्री टोल प्लाजा पर देर रात तक रुके रहे। जबकि कई यात्री निजी वाहन पकड़ कर चले गए। लोगों के अनुसार 10:30 बजे तक टोल प्लाजा पर करीब 35 यात्री ठहरे हुए थे। जिसमें महिलाएं अपने बच्चों को लेकर काफी परेशान रही। उधर, इस मामले में पुलिस को सूचना नहीं दी गई। पुलिस का कहना है कि इस हादसे की जानकारी नहीं है। मामला दिखवाया जाएगा। हालांकि यात्री रात भर इधर-उधर वाहन के चक्कर में भटकते रहे।

## चालक को धारदार हथियार से किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा क्षेत्र के मोहल्ला कायस्थान निवासी रेहान खां ने बताया कि वह ट्रक चालक है। उसके साथ साजिद निवासी बहादुरगंज, तिलहर ट्रक पर रहता है। बुधवार को साजिद ने उससे पैसे मांगे। उसने उसे बजरंग पेट्रोल पंप पर बुलाया। आरोपी साजिद पेट्रोल पंप पहुंचा तो उसने उससे कहा कि मालिक ने पैसे नहीं दिए है। मिलते ही दे दूंगा। इस बात से आरोपी नाराज हो गया और गाली देने लगा। विरोध करने पर उसने धारदार हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। रेहान ने ट्रक मालिक सिराजुद्दीन को फोन पर जानकारी दी। ट्रक मालिक ने आरोपी की थाने में शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बुजुर्गों को भोजन कराया


बरतारा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन करातीं इनरव्हील क्लब की सदस्य।

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ने शुक्रवार को बरतारा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराया और उनके साथ स्वयं भी दोपहर के भोजन का आनंद लिया। भोजन के बाद महिलाओं ने बुजुर्गों को गुलाल लगाकर और गुझिया खिलाकर होली की शुरुआत की। क्लब अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने प्रौढ़ शिक्षा के अंतर्गत बुजुर्गों के अक्षर ज्ञान का जायजा लिया और उन्हें कापी, पेंसिल आदि स्टेशनरी वितरित की। साथ ही बुजुर्गों द्वारा की गई मांग को पूरा करते हुए उन्हें सुंदरकांड की किताब भी बांटी गईं। इसी क्रम में वृद्धाश्रम के प्रबंधक ब्रह्मदेव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य सुनीता गर्ग, रेनू अरोरा, कंचन खन्ना, रेखा मोदी, ज्योति शर्मा, निधि मिश्रा, अनिता गुप्ता, इला यादव आदि सदस्य मौजूद रहे।

## गैस एजेंसी पर युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अकबरपुर गांव में गैस एजेंसी पर एक युवक को पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान एजेंसी पर अफरा-तफरी मच गई।

खुदागंज क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी भूपेंद्र कुमार बुधवार की सुबह दस बजे गैस एजेंसी पर गया था। वह किसी से बातचीत कर रहा था। तभी गांव का वीर बहादुर आदि आ गए और उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान घायल भागा तो आरोपियों ने पीछा करके उसको और पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल के भाई सतेंद्र कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# 11 वें दिन मिली लीकेज, मरम्मत शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पचराहे पर 10 दिन से परेशान थे बाइक सवार और राहगीर
- मुसीबत बना हुआ है सीवर लाइन डालने का काम

**अमृत विचार :** पचराहा पर आखिरकार 11वें दिन अधिकारी लीकेज ढूंढने में कामयाब हो गए। इसके बाद मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया है।

महानगर में सीवर लाइन डालने का काम मुसीबत बना हुआ है। बीते लगभग ढाई साल से महानगर में कहीं न कहीं खोदाई हो रही है। लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टूटी-फूटी सड़कें इस कदर बदतर हैं कि चलना मुश्किल हो रहा है। आप चाहें पैदल निकलें या बाइक व कार से परेशानी हर हाल में होनी है। आधे घंटे में पूरा होने वाला एक से डेढ़ घंटे में पूरा हो रहा है। पचराहा पर 11 दिन पहले लीकेज हो गई थी, जिसके चलते पानी भर रहा था और लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। जल निगम और नगर निगम के अधिकारी लगातार लगे हुए थे, लेकिन लीकेज नहीं मिल पा रहा था।


लीकेज की मरम्मत के लिए पचराहा पर खोदा गया गड्ढा। ● अमृत विचार

शुक्रवार को लीकेज मिल गई। इसके बाद इसकी मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया।

## पिता-पुत्री समेत तीन को किया घायल

**पुवायां, अमृत विचार :** अपनी ही भूमि पर खोखा लगाने पर कुछ लोगों ने ग्रामीण की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। बचाने आई बेटी और भांजे को भी पीटकर घायल कर दिया। मामले की तहरीर दी गई है। नाहिल गांव निवासी शिवप्रसाद ने दी गई तहरीर में बताया कि भांजे सुमित को उसने अपनी भूमि पर खोखा लगवाया था। गांव के ही कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुए खोखा हटाने को कहा। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों से उसको पीटने लगे। बचाने आई बेटी नीलम और सुमित को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायती पत्र लेकर जांच के उपरांत कार्रवाई करने की बात कही है।

# सामूहिक विवाह के शेष सामान का वितरण

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** विधायक ने सामूहिक विवाह के अवशेष रह गए सामान का वितरण ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख कविता यादव की मौजूदगी में किया।

शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में विधायक सलोना कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार ही ऐसी सरकार साबित हुई है, जिसने महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं समूह के माध्यम से क्षेत्र की सभी महिलाएं मजबूत बनी हैं। ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने कहा कि शादी होने के बाद भी अगर किसी की शिक्षा अधूरी रह गई है तो वह उसको जरूर पूरा करे। उन्होंने 116 दुल्हनों को शादी की अवशेष सामग्री पंखा, डिनर सेट, घड़ी, पायल, प्रेशर कुकर आदि वितरित किया। दौरान सचिव संतोष बाबू, सुरेंद्र कुमार, सौरभ गुप्ता रवि आदि मौजूद रहे।



सामान वितरण करतीं विधायक सलोना कुशवाहा व ब्लॉक प्रमुख कविता यादव।

